राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त की मुलाकात

जयपुर, 22 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को यहां राजभवन में राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान, के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मेहरा ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सीकर सांसद श्री सुमेधानन्द सरस्वती, चौमू विधायक श्री रामलाल शर्मा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष श्री राव राजेन्द्र सिंह ने मुलाकात की और श्री सुरेश मिश्रा ने पोस्टर की प्रति भेंट की।

राज्यपाल के नये परिसहाय ने पदभार संभाला – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के परिसहाय के पद पर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री हर्ष वर्धन अग्रवाल को नियुक्त किया है। राज्यपाल श्री मिश्र की मौजूदगी में श्री अग्रवाल ने बुधवार को राजभवन में पदभार ग्रहण किया।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल